हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 30 दिसंबर 2023

06 बिना परमिट चलते मिले वाहन तो परिवहन...



07 केंद्र सरकार ने महिलाओं के आंसू पोछने का काम ...






## खबर संक्षेप

### नई शिक्षा नीति की दी जानकारी

**सीहोर**। शासकीय चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए महाविद्यालय द्वारा कॉलेज चलो अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा शहर के अलग अलग उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगावली, शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल, नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल आवासीय खेलकूद विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खण्डवा में पहुंचकर विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति 2020, ई-प्रवेश, महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों एवं योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### इंदौर-पटना एक्सप्रेस का बदला रूट

**सीहोर**। संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर ब्लॉक होने के कारण मंडल से चलने वाली इंदौर-पटना-इंदौर एक्सप्रेस को मार्ग बदलकर चलाया जाएगा। यह ट्रेन 1 से 5 जनवरी तक गुना-बीना होकर चलेगी। नए शेड्यूल के अनुसार 30 दिसंबर को 19321 इंदौर-पटना वायामक्सी-रुठियाई-ग ना-बीना होकर, 1 जनवरी को 19322 पटना-इंदौर एक्स. वाया बीना-गुना-रुठियाई-मक्सी होकर चलेगी। 1 व 3 जनवरी को 19313 इंदौर-पटना एक्स. मक्सी-रुठियाई-गुना- बीना होकर चलेगी। वाया

### पंचायतों के उपनिर्वाचन का मतदान और मतगणना 5 जनवरी को

**सीहोर** । राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के अनुसार मतदान और मतगणना 5 जनवरी को होगी। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने निर्देश देते कहा कि मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पूर्व से शराब की दुकानें बंद रखी जाएं तथा इस अवधि में शराब का क्रय-विक्रय पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शराब की सभी दुकानें संबंधित ग्राम पंचायत के लिए, मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घंटे पूर्व से बंद रखी जाएंगी। इस अवधि में शराब का क्रय-विक्रय पूरी तरह से बंद किया गया है।

### मदिरा दुकान 3 से 5 जनवरी तक बंद रहेगी


**सीहोर**। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) के लिए मतदान, मतगणना कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। पंचायत निर्वाचन को दृष्टिगत सीहोर की कम्पोजिट मदिरा दुकान खामलिया नियत अवधि में बंद रखा जाना है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा आबकारी अधिनियम-1915 के तहत जिला सीहोर की कम्पोजिट मदिरा दुकान खामलिया को 03 जनवरी को 03 बजे से 05 जनवरी 2024 को मतदान समाप्त होने तक बंद रखे जाने का निर्देश दिया गया है।

### निर्वाचन आयोग ने जिपं अध्यक्ष का चुनाव आगामी अधिसूचना जारी होने तक किया स्थगित

# सियासत: कांग्रेस के दो जिला पंचायत सदस्यों ने थामा भाजपा का दामन

### कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा सांसद रमाकांत भार्गव, विधायक सुदेश राय और जिलाध्यक्ष रवि मालवीय की मौजूदगी में ली सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला पंचायत चुनाव के एक दिन पहले दो जिला पंचायत सदस्यों ने कांग्रेस के हाथ का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष की कांग्रेस से दोवेदारी कर रहे जिपं सदस्यों के अचानक भाजपा में शामिल होने जिले की सियासत गर्म हो गई। होना भी लाजमी था क्योंकि 30 दिसंबर को अध्यक्ष का चुनाव होना था। लेकिन दोनों सदस्यों के पार्टी बदलने के चंद घंटे बाद ही निर्वाचन आयोग ने अध्यक्ष के चुनाव को आगामी चुनावी अधिसूचना जारी होने तक के लिए स्थगित करने के आदेश दे दिए।

गौरतलब है की सीहोर विधानसभा के जिपं वार्ड क्रमांक दो से जिला पंचायत सदस्य राजू राजपूत और वार्ड तीन से रुखसार अनश खान ने शुक्रवार शाम करीब चार बजे कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा, सीहोर विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय की मौजूदगी में क्रिसेंट ग्रीन म2 कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस दौरान उनके समर्थकों ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल इंजिनियर के आष्टा विधानसभा से विधायक निर्वाचित होने के बाद से जिला पंचायत अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था और 30 दिसम्बर को जिला पंचायत अध्यक्ष का निर्वाचन होना था। लिहाजा निर्वाचन से एन वक्त पहले कांग्रेस नेता जिला पंचायत सदस्य राजू राजपूत और रुखसार अनस खान के भाजपा में शामिल हो गए। राजनीति के जानकर इसे बड़ा सियासी उलटफेर मान रहे थे।

#### कांग्रेस से राजू कर चुके हैं इछावर से विधायक के टिकट की दावेदारी



वार्ड से दो से जिला पंचायत सदस्य राजू राजपूत इछावर विधानसभा से टिकट की दावेदारी कर चुके हैं। इससे पहले उनकी पत्नी रेखी राजपूत भोपाल जिपं उपाध्यक्ष भी रह चुकी हैं।

## 10वीं के पेपर 80 अंक के तो 12वीं में केमेस्ट्री फिजिक्स के 70 के होंगे




**सीहोर**। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने 2024 में होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से शुरु होगी। 10वीं के पेपर 13 मार्च को समाप्त होंगे। जबकि 12वीं के पेपर 2 अप्रैल तक चलेंगे। बोर्ड परीक्षा से पहले होने वाले प्रैक्टिकल एग्जाम की तारीख सीबीएसई ने पहले ही घोषित कर दी थी। 10वीं के सभी पेपर 80 अंक के होंगे। 12वीं में केमेस्ट्री, फिजिक्स और बायोलॉजी के पेपर 70 अंक के होंगे। 10वीं-12वीं दोनों ही क्लासेज के प्रैक्टिकल 1 जनवरी से 15 फरवरी 2024 के बीच होंगे। इस साल के सत्र की शुरुआत में जुलाई में ही सीबीएसई ने नोटिफिकेशन जारी कर बता दिया था कि इस साल 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा करीब 55 दिनों तक चलेगी।

### 12वीं में प्रैक्टिकल के 30 अंक होंगे

12वीं बोर्ड परीक्षा में अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज और इकोनॉमिक्स के पेपर 80 नंबर के होंगे। 20 नंबर इंटरनल टेस्ट के बेस पर मिलेंगे। फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी का पेपर 70 अंक का होगा। जबकि 30 नंबर का प्रैक्टिकल होगा। बाकी सभी विषय के पेपर 80 अंकों के होंगे। इनमें 20 नंबर प्रोजेक्ट, असाइनमेंट के आधार पर दिए जाएंगे।

**10वीं के विद्यार्थियों को 20 अंक असाइनमेंट के मिलेंगे :** 10वीं की बोर्ड परीक्षा का हर विषय का पेपर कुल 80 अंक का होगा। बचे हुए 20 अंक की ग्रेडिंग पीरियोडिकल ट्रस्ट्स, असाइनमेंट और स्किल बेस्ट एक्टिविटी या प्रोजेक्ट वर्क के दिए जाएंगे। 40 प्रतिशत सवाल एससीक्यू टाइप होंगे। 20 प्रतिशत सिचुएशन बेस्ट और 40 प्रतिशत सवाल शार्ट या लांग आंसर टाइप होंगे। पेपर 3 घंटे में हल करना होगा। परीक्षा का समय सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक रहेगा।

## उर्वरक विक्रय केन्द्र रेहटी का उर्वरक अनुज्ञप्ति निलंबित

**सीहोर**। खरीफ वर्ष-2023 में उर्वरक विक्रय केन्द्र मेसर्स पालीवाल खाद भंडार रेहटी का वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पदेन उर्वरक निरीक्षक बुदनी द्वारा निरीक्षण के दौरान चंबल फर्टिलाइजर्स एंड कैमीकल्स लिमिटेड गढ़ेपान कोटा राजस्थान द्वारा निर्मित DAP का नमूना लिया जाकर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजा गया था। प्रयोगशाला में प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट में उर्वरक नमूना अमानक पाये जाने पर क्रय-विक्रय एवं स्थानांतरण से प्रतिबंधित किया गया है।

केके पाण्डे उप संचालक एवं पदेन अनुज्ञापन प्राधिकारी बीज तथा किसान कल्याण कृषि विकास विभाग द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया सूचना पत्र का उत्तर समाधान कारक नहीं पाये जाने के कारण उर्वरक (नियंत्रण) आदेश का उल्लंघन पाये जाने से आपको जारी खुदरा उर्वरक अनुज्ञप्ति आदेश तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

## बीज नमूना परीक्षण परिणाम के आधार पर बीज लाइसेंस निलंबन और निरस्त की कार्रवाई

**सीहोर**। खरीफ वर्ष-2023 से रबी वर्ष-2023-24 में बीज गुण नियंत्रण अन्तर्गत जिले में लिये गये 15 बीज केन्द्र से बीज नमूना एवं परीक्षण परिणाम के आधार पर बीज लाईसेंस निलंबन एवं निरस्त की कार्यवाही की गई है।

केके पाण्डे उप संचालक एवं पदेन अनुज्ञापन प्राधिकारी बीज तथा किसान कल्याण कृषि विकास विभाग द्वारा बताया गया कि बीज गुण नियंत्रण अंतर्गत जिले में 15 बीज केप्द्रों से बीज नमूना प्रशिक्षण में फेल होने पर बीज लाइसेंस के निलंबन निरस्त की कार्वाई की गई है। जिले में कुल पंजीयन बिक्री केंद्र 373 है। जिसमें शासकीय एवं सहकारी संस्था 82 एवं 291 निजी संस्था कार्यरत है। बीज एवं उर्वरक केन्द्रों से बीज नमूना परीक्षण के लिए लिये गये थे उनमें वेदांत ट्रेडर्स बकतरा, एस आर कृषि सेवा केंद्र बकतरा, जय नमामि कृषि सेवा केंद्र भैरूंदा, पटेल कृषि एंड हार्डवेयर पिपलिया मीरा, सिटोलिया कृषि सेवा केंद्र रेहटी, मां लक्ष्मी कृषि सेवा केंद्र लाडकुई, राजपूत ट्रेडर्स गोपालपुर, जय बलराम बेदखेड़ी आष्टा, प्राथमिक बीज उत्पादक एवं विपणन संघ मर्यादित नौगांव, राजेश कृषि सेवा केंद्र भैरूंदा, सांई कृपा कृषि सेवा केंद्र भैरूंदा, सांई कृपा कृषि सेवा केंद्र रेहटी, किसान कृषि सेवा केंद्र रेहटी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड सीहोर के बीज लाईसेंस निलंबन एवं रिरस्त की कार्यवाही की गई है। इन केन्द्रो से घान, मक्का, गॅहू,और चना बीज के नमूने लिये गये जो परीक्षण में अमानक पाये गये है।

## नगर पालिका ई-पोर्टल बंद होने से लाखों का राजस्व घाटा, संपत्तिकर, जलकर नामांतरण, एनओसी के काम भी रुके



**सीहोर**। बीते एक सप्ताह से प्रदेश भर की नगर पालिका का ई-पोर्टल बंद हैं। इसका कारण पोर्टल का हैक होना बताया जा रहा है। इसका सीधा असर नगर पालिका के काम काज पर देखा जा रहा है। नपा का काम काज पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। भुगतान संबंधी कार्य हो या फिर आमजन से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन हो। सबसे ज्यादा असर राजस्व आमदनी पर पड़ रहा है।

इसमें जलकर, संपत्तिकर, दुकानों का किराया, विविधकर, विकास कर, नामांतरण, एनओसी, भवन अनुज्ञा, भुगतान, सहित निर्माण शाखा में होने वाले काम काज पर ब्रेक लग गया है। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र और प्रधान मंत्री आवास, समग्र पोर्टल के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। इससे आमजनों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

**पांच से सात लाख का राजस्व प्रभावित :** गौरतलब है कि नगर पालिका की आमदनी का जरिया तो संपत्ति कर, जलकर, दुकान किराया, वह अन्य विविधकर हैं। लेकिन ऑनलाइन व्यवस्था बंद होने के कारण से रसीद नहीं कट पा रही है। इसके चलते रोजाना पांच से सात लाख की आमदनी प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर जिन लोगों ने भवन निर्माण संबंधी दस्तावेजों के लिए आवेदन कर रखे हैं, वे भी काफी परेशान हो रहे हैं। इस पर नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र दीक्षित का कहना है कि ई-पोर्टल बंद होने के कारण से कार्य काफी प्रभावित हो रहा है, रसीदें नहीं कट पा रही हैं, इसलिए कर वसूली प्रभावित हो रही है, जल्दी ही चालू होगा।

### सेंट जॉर्ज स्कूल में बच्ची से रेप का मामला

## बिना परमिशन के चल रहा बोर्डिंग स्कूल, डीईओ ने कहा-मान्यता निरस्त करने की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्यामपुर के सेंट जार्ज स्कूल की छात्रा के साथ रेप के मामले में अब तक स्कूल प्रबंधन पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि मामले में पुलिस ने वाहन चालक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और इलाज के लिए भोपाल अस्पताल में भर्ती पीड़िता भी अपने घर आ गई है, लेकिन स्कूल में हुई घटना के बाद स्कूल में सुरक्षा उपाय न किए जाने जैसी लापरवाही के बावजूद कोई कार्रवाई प्राचार्य पर अब तक नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार 16 दिसम्बर को पीड़िता की मां ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी पांच वर्षीय बेटी श्यामपुर के सेंट जार्ज स्कूल में नर्सरी में पड़ती है। 13 दिसंबर को करीब सवा दो बजे स्कूल वेन से घर आई, तभी से उसकी तबीयत बिगड़ गई और बच्ची ने मां को बताया कि स्कूल वेन के ड्राइवर ने उसके साथ स्कूल में बुरा काम किया है। पीड़िता की मां लड़की को इलाज के लिए भोपाल के हमीदिया अस्पताल ले गई, जहां उसका इलाज चला। मामले में न्यायालय ने पीड़िता को तत्काल दो लाख रुपए देने के आदेश भी जारी किए थे। मामले में सबसे अजीब बात यह है कि श्यामपुर पुलिस शुरूआती दौर से ही आरोपी का नाम और घटना स्थल बताने को तैयार नहीं थी, जबकि इस मामले में स्कूल संचालक और प्राचार्य पर भी कड़ी कार्रवाई होनी थी, क्योंकि घटना स्थल स्कूल है।

इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर का कहना है कि मामले में हमने जांच पूरी कर ली है। स्कूल बिना परमिशन के बोर्डिंग के रूप में चलता पाया गया है। स्कूल में सीसीटीवी भी नहीं लगे हैं। सेंट जार्ज स्कूल को नोटिस दिया गया था। उन्होंने जवाब में साफ इंकार किया है, लेकिन शिक्षा विभाग उस जवाब से संतुष्ट नहीं है। अब डीपीसी को स्कूल की मान्यता निरस्त करने के लिए जांच भेजी जाएगी। वह उसे भोपाल वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित करेंगे। उसके बाद सेंट जार्ज स्कूल की मान्यता निरस्त हो जाएगी।

### दो बीज विक्रय केंद्र से बीज अमानक स्तर पाये जाने पर निरस्त की कार्रवाई

**सीहोर**। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पदेन बीज निरीक्षक, विकास खण्ड भैरूंदा द्वारा बीज विक्रय केन्द्र जय नमामी कृषि सेवा केन्द्र, भैरूंदा एवं मॉ लक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र सिंहपुर से मक्का बीज किस्म का नमूना लिया गया नमूना, बीज परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल से प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर अमानक स्तर का पाया गया। केके पाण्डे उप संचालक एवं पदेन अनुज्ञापन प्राधिकारी बीज तथा किसान कल्याण कृषि विकास विभाग द्वारा बीज नमूना अमानक पाये जाने पर दोनों ब्रिक्रेताओं को नोटिस दिया गया नोटिस का उत्तर प्राप्त न होने तथा बीज अधिनियम-1966 के तहत बीज नियंत्रण आदेश-1983 के उल्लंघन का दोषी पाये जाने पर आपको जारी बीज अनुज्ञप्ति को निलंबित कर दिया गया था। आपको जारी पूर्व प्रदत्त निलंबित बीज अनुज्ञप्ति बीज नियंत्रण आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाती है।

## मजदूर महासंघ बरखेड़ी से सीहोर तक निकालेगा बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अखिल भारतीय कस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के द्वारा ग्राम बरखेड़ी चोराहा से बाइक रैली निकाली जाएगी। अम्बेडकर धर्मशाला में दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। देश के सभी राज्यों के अखिल भारतीय कस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के प्रतिनिधियों के द्वारा हिस्सा लिया जावेगा। सभी राज्यों में अखिल भारतीय कस्ट्रक्शन महासंघ के विस्तार और आगामी कार्यकमों की रणनीति बनाने पर विस्तार से चर्चा कर मजदूर हित में निर्णय लिया जायेगा।

संभागीय भवन एवं अन्य संनिर्माण मजदूर संघ जिलाध्यक्ष भोलाराम जाटव एवं जिला महामंत्री देवीराम जाटव ने संयुक्त रूप से बताया कि अम्बेडकर धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ 2 जनवरी मंगलवार दोपहर एक बजे विशिष्ठ अतिथि कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ संजय सिंह, सीहोर विधायक सुदेश राय, दर्जा कैबिनेट मंत्री हेमन्त तिवारी, संगठन मंत्री भारतीय मजदूर संघ म.प्र. छत्तीसगढ़ सुनील किरवाई,सदस्य म.प्र. प्रवासी मजदूर आयोग दर्जा राज्यमंत्री विनोद रिछारिया,नगर पालिका सीहोर अध्यक्ष प्रिंस राठौर, राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंद्य नई दिल्ली,जंगबहादुर सिंह असंगठित क्षेत्र भारतीय मजदूर संघ जयंती लाल,सह. प्रभारी असंगठित क्षेत्र भारतीय मजदूर संघ जयंत देशपाडे,संभाग महामंत्री एवं प्रदेश मंत्री लीलाकिशन वर्मा के द्वारा किया जाएगा।

बरखेड़ी चौराहा से मंगलवार सुबह 11 बजे भव्य बाईक रैली का शुभारंभ किया जाएगा। बाईक रैली बिलकिसगंज रोड से नदी चौराहा,अस्पताल चौराहा गाड़ी अडडा रोड कोतवाली चौराहा से होते हुए पुराना बस स्टेंड गंज बजरिया माता मंदिर चौराहा से सुदामा नगर रोड अम्बेडकर नगर होते हुए मुरली नगर स्थित अम्बेडकर धर्मशाला परिसर में पहुंचेगी। संभागीय भवन एवं अन्य संनिर्माण मजदूर संघ जिलाध्यक्ष भोलाराम जाटव एवं जिला महामंत्री देवीराम जाटव सहित समस्त पदाधिकारियों ने जिले के समस्त मजदूरों श्रमिकों से अखिल भारतीय कस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ द्वारा आयोजित सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

### नियम तोड़ने पर 500 से 10 हजार रुपए तक का होगा जुर्माना

# नालियों के ऊपर रखीं गुमठियां और सामान होगा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नए साल के पहले दिन से नगर पालिका शहर को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू कर रही है। अब नालियों के ऊपर रखी गुमठियों और इन पर रखे सामान को सख्ती से हटाया जाएगा। शहर को साफ-सुथरा व अतिक्रमणमुक्त बनाने के लिए यह मुहिम लगातार जारी रहेगी।

नियम तोड़ने वालों से नपा 500 से 10 हजार तक का जुर्माना वसूल करेगी। मुहिम शुरू होने से पहले ही नगर पालिका ने पूरे शहर में मुनादी करा दी है। बता दें कि शहर में अतिक्रमण सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है। सड़कों पर चलने की जगह नहीं बचती है। सड़कों के दोनों तरफ लोग हाथ ठेले, गुमठियां और अन्य सामान रख देते हैं जिससे समस्या होती है। यह समस्या पूरे शहर की है। जो जगह भी खाली है उस पर कहीं न कहीं अतिक्रमण दिखाई देता है। इससे लोग भी परेशान होते



हैं। बाजार से कई बार तो पैदल निकलने में भी लोगों को परेशानी होती है। नालियों के ऊपर रखा दुकानों का सामान।

नगर में जो भी सड़कें हैं उनके किनारे जो नालियां बनी हैं उन पर कई लोग गुमठियां लगाए हुए हैं या अन्य दुकानें लगाकर व्यापार कर रहे हैं, नपा इन सभी को सख्ती से हटाएगी। {फुटपाथ की जगह पर भी लोगों ने दुकानें लगाना शुरू कर दिया है। इस मुहिम में इन दुकानों को भी हटाया जाएगा। नालियों के ऊपर कई लोगों ने ओटले बना रखे हैं।

- कई लोगों ने अपने तरीके से नालियों के ऊपर निर्माण कर लिया है। इन सभी तरह के निर्माण को सख्ती से हटा दिया जाएगा।
- कई दुकानदारों ने नालियों पर दुकानों का सामान रखने के लिए जगह बना दी है। कइयों ने पक्के निर्माण कर लिए हैं। इससे नालियों की सफाई नहीं हो पाती है, इस तरह के निर्माण को भी हटाया जाएगा।
- कुछ लोगों ने शासकीय जगह पर मुरम डालकर वहां पर रस्सी बांधकर अतिक्रमण की तैयारी कर ली है। इस तरह के अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा।

#### मुहिम चलाई जाएगी

अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है। इसके कारण लोगों को भी परेशानी होती है। कई जगह सफाई अमला अतिक्रमण होने के कारण नालियों की सफाई भी नहीं कर पाता है। इसलिए यह मुहिम चलाई जाएगी।

**विकास प्रिंस राठौर**, नपाध्यक्ष

खबर संक्षेप



## क्रिसेंट ने रोमांचक मैच में इलेवन को हराया

**सीहोर।** शहर के प्रतिभाशाली हरफनमौला खिलाड़ी आदर्श राय की लगातार दूसरी अर्दशतकीय पारी 49 गेंद पर 62 रन और दो विकेट की शानदार गेंदबाजी के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत क्रिसेंट डायनमिक टीम ने लगातार केपीएल प्रतियोगिता जीत हासिल की है। इस रोमांचक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी इलेवन आल राउंडर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 146 रन बनाए थे। इसमें टीम की ओर से जितेन्द्र जायसवाल ने 10 रन, आदित्य अग्रवाल ने 26 रन, गौरव पिचोनिया ने 55 रन और अबूवाकर ने 13 रन की शानदार पारियां खेली। इधर क्रिसेंट टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए फरहान, विशांक शिंदे, यामिनी ने एक-एक विकेट हासिल किया था, वहीं हरफन मौला खिलाड़ी आदर्श राय ने दो विकेट हासिल किए। इसके बाद विजय लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिसेंट की टीम ने इस रोमांचक मैच को 19.4 ओवर में 148 रन बनाकर जीत लिया। इस मैच में हर पल रोमांच से भरा हुआ था।

### गुना हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्य सचिव को दिए निर्देश

# बिना परमिट चलते मिले वाहन तो परिवहन विभाग के अधिकारियों की होगी जिम्मेदारी

जिले में परिवहन विभाग के दल ने विशेष चैकिंग अभियान चलाकर 17 हजार रुपए शमन शुल्क वसूला। मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा मानाकों को दर किनार कर चल रहे सवारी वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि गुना हादसे में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के लिए मुख्य सचिव को निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तर से सभी कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि यदि उनके क्षेत्र में बगैर परमिट के वाहन चलते हैं तो सतर्कता बरती जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं।


परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव गुना दुर्घटना के प्रभावितों से भेंट के बाद गुना से लौटकर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि गुना हादसे के लिए दोषी आरटीओ गुना और सीएमओ गुना को निलंबित किया गया है। गुना हादसे के बाद समय पर फायर ब्रिगेड उपलब्ध न कराए जाने के कारण नगर पालिका अधिकारी के निलंबन का कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो का दायित्व निर्धारित करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो यह भी ध्यान रखा जाएगा।

यह संवेदनशील विषय है। इस संबंध में राज्य सरकार ने सजगता से ऐसी दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए भी निर्देश दिए हैं। सभी जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध राज्य सरकार आवश्यक रूप से सख्त कार्रवाई करेगी। जिले में परिवहन विभाग के दल ने विशेष चैकिंग अभियान जिले में परिवहन विभाग के दल द्वारा यात्री वाहनों के विरूद्ध विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में देवास के मक्सी बायपास मार्ग पर यात्री बसों की चैकिंग कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी देवास जया वसावा ने बताया कि दल द्वारा मार्ग पर सघन जाँच की जाकर लगभग 37 यात्री बसों को चैक किया गया। जिसमें दो यात्री बसो को बिना



परमिट संचालन के अपराध में जप्त किया जाकर अभिरक्षा में रखा गया है। शेष अन्य वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर बालानी कार्यवाही की जाकर 17 हजार रूपये शमन शुल्क वसूला गया है। देवास जिले में यात्री वाहनों का चैकिंग अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

## पांच जनवरी को ओंकारेश्वर रवाना होगा जत्था, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर देंगे हरी झंडी



**सीहोर।** प्रदेश ही नहीं देश के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र ओंकरारेश्वरधाम यात्रा का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सीहोर सहित आस-पास के करीब 250 से अधिक श्रद्धालुओं के भेजने की योजना बनाई है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर अपने पुज्य दादा-दादी की स्मृति में सैकड़ों लोगों को ओंकारेश्वर के लिए आगामी पांच जनवरी को रवाना करेंगे। इसके लिए पांच जनवरी को शहर से ढोल-बाजे के साथ सम्मान कर यात्री बसों के मध्य से रवाना किया जाएगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भगवान शिव से जुड़े द्वादश ज्योतिर्लिंगों में मध्य प्रदेश स्थित ओंकारेश्वर का चौथा स्थान आता है। यहां पर भगवान शिव नर्मदा नदी के किनारे के आकार वाली पहाड़ पर विराजमान हैं। हिंदू धर्म में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिग को लेकर कई मान्यताएं हैं। जिसमें सबसे बड़ी मान्यता ये है कि भगवान भोलेनाथ तीनों लोक का भ्रमण करके प्रतिदिन इसी मंदिर में रात को सोने के लिए आते हैं। महादेव के इस चमत्कारी और रहस्यमयी ज्योतिर्लिंग को लेकर यह भी मानना है कि इस पावन तीर्थ पर जल चढ़ाए बगैर व्यक्ति की सारी तीर्थ यात्राएं अधूरी मानी जाती है।

## कराटे टीम के बच्चों को प्रमाण पत्र भेंट कर किया सम्मानित




**सीहोर।** बुधवार को स्थानीय स्कूल सेंट मेरी गल्ला मंडी सीहोर में कराटे संगठन कराटे टीचर मोहित कसोटिया एवं कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा लक्की कौशल की कराटे टीम के बच्चों को प्रमाण पत्र भेट कर सम्मानित किया गया एवं बच्चों का होसला अफजाही करते हुए बताया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भरता हेतु कराटे आदि के गुर सीखना भी जरूरी है। शिक्षा प्राप्त करने से बच्चों का मानसिक रूप से विकास होता है, वहीं खेल से बच्चे शारिरिक रूप से परिपक्व होते हैं। इसलिये शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के लिये खेल भी आवश्यक है।

## शानदार चल रही है जिला लीग फुटबॉल प्रतियोगिता



**सीहोर।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रही जिला लीग फुटबॉल प्रतियोगिता फुटबॉल प्रतियोगिता का आज आठवां मैच खेला गया सीहोर क्लब एवं आर सी क्लब के बीच मध्यांतर तक दोनों ही टीम शानदार खेल का प्रदर्शन किया,आर.सी ने अभी तक का प्रतियोगिता का शानदार मैच और खेल का प्रदर्शन किया ज्ञात हो कि गुड मॉर्निंग क्लब के स्ट्राइकर अरविंद सांवरिया प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं मॉर्निंग क्लब के प्लेयर राकेश पंती तीन गोल मारकर शानदार खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। आज के मैच में सीहोर क्लब की ओर से लकी ने 35 मिनट में गोल किया, सीहोर क्लब के प्लेयर ने एलेन ने 45 मिनट में तीसरा गोल किया 3 गोल से सीहोर क्लब ने जीत हासिल की। कल प्रथम मैच सीहोर बॉयज विरुद्ध इछावर के बीच खेला जाएगा,दूसरा मैच आर्यन क्लब आर्यन क्लब आष्टा वर्सिज पुलिस बॉयज के बीच खेला जाएगा।

## डॉ. जैन स्वामीनाथन अवार्ड से सम्मानित



**सीहोर।** राष्ट्रीय सोयाबीन प्रोजेक्ट में प्रधान वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत डॉ.आर.सी. जैन को उनके कृषि अनुसंधान, शिक्षा एवं प्रसार के क्षेत्र में सतत, उत्कृष्ट उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए उन्हें वर्ल्ड सेवन वंडर पब्लिकेशन (रेडिएंट टैलेंट बुक आफ रिकॉर्ड) भारत द्वारा प्राइड ऑफ भारत एम एस स्वामीनाथन अवार्ड 2023 से सम्मानित कर मध्यप्रदेश और सीहोर जिले का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है डॉ. जैन को कृषि अनुसंधान , शिक्षा और कृषि तकनीकी प्रचार प्रसार के लिए अनेकों बार ,राज्य ,राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। डा जैन के उपलब्धियों और उज्जवल भविष्य के लिए देश के विख्यात वैज्ञानिकों , प्रबुद्ध जनों एवं मित्रों ने उन्हे बधाईयां दी।

## डीएसपी पद पर चयनित हुए आशुतोष को पूर्व विधायक ने दी बधाई



**सीहोर।** जिले के ग्राम टिटोरा में रहने वाले किसान परिवार का बेटा आसुतोष त्यागी डीएसपी पद पर चयनित हुआ है। श्री त्यागी के चयनित होने पर इछावर विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल ने बधाई दी है। पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल ने कहा कि पत्रकार संजय त्यागी के बेटे आसुतोष ने डीएसपी पद पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। कहा की आसुतोष पुलिस सेवा में रहकर देश प्रदेश में जिले का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पटेल, घनश्याम पटेल दशरथ पटेल, भोलाराम त्यागी, अर्जुन, राजेश त्यागी, राजेंद्र राजपूत, नरेंद्र पटेल सहित अन्य ने बधाई दी।

## कांग्रेस पार्टी के 139वां स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों को किया गया सम्मानित



**सीहोर।** ग्राम हीरापुर में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्थापना दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर इछावर के पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने सहित अन्य कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छाया चित्र पर पुष्प माला आदि पहनाकर यहां पर उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसजनों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक श्री पटेल ने कहा कि हमें गर्व है कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता है जिन्होंने अपने प्राण निछावर कर इस देश का आजादी और तरक्की दिलाई है। पूर्व विधायक श्री पटेल ने कहा कि भारतीय इतिहास में देश को आजादी दिलाने से लेकर बैंकों का राष्ट्रीयकरण, पंचायती राज समेत अनगिनत महत्वपूर्ण योगदान देकर देश को सशक्त व मजबूत बनाने का काम कांग्रेस ने किया। वहीं देश में केंद्र की मोदी सरकार ने महंगाई में वृद्धि कर आम आदमी की कमर तोडऩे का काम किया है। केंद्र की गलत नीतियों एवं महंगाई-बेरोजगारी से लोग त्रस्त हैं। कांग्रेस के नेतृत्व में देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों के कृतित्व और व्यक्तित्व से हम सभी को प्रेरणा लेने की दरकार है। विचार गोष्ठी में अन्य वक्ताओं ने कांग्रेस की उपलब्धियां गिनाते हुए पार्टी की विचारधारा पर चलने का संदेश दिया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बूते ही पार्टी का वटवृक्ष पनप रहा है। गंदे तरीके का नरेटिव सेट करने वालों के सामने हमारे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का हौंसला जीता है। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेन्द्र सिंह दरबार, घनश्याम मीणा, अर्जुन परमार, नवीन जाटव, हरिश परमार, भोलाराम त्यागी, राजेन्द्र राजपूत, नरेन्द्र पटेल, कैलाश वर्मा, कमलेश परमार, जूजीन खान, सीताराम राठौर, फूल सिंह, गुलाब परमार, करण सिंह, बीआर त्यागी, अजय परमार, गोरेलाल जाटव, रोहित परमार, देवेन्द्र पटेल आदि शामिल थे। कार्यक्रम का आभार मंडलम अध्यक्ष दशरथ सिंह पटेल ने किया।

## कॉलेज अभियान के तहत बालिकाओं को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की दी गई जानकारी




**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में सत्र 2024-25 में छात्राओं के प्रवेश के लिए महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मेजर, माइनर, ओपन इलेक्टिव, वोकेशनल कोर्स एवं प्रोजेक्ट के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। छात्राओं को केरियर मार्गदर्शन योजना, विभिन्न खेलकूद गतिविधियों, एनएसएस एवं युवा उत्सव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रवेश प्रभारी डॉ. राजेश बकोरिया ने बताया कि कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत एक्सीलेंस स्कूल, शासकीय एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या कस्तूरबा उमा विद्यालय में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया एवं राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित




**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएल जैन ने छात्राओं को अकादमिक शिक्षा के अलावा नैतिक शिक्षा की आवश्यकता को समझाया। ईश्वरीय संस्था की बहन पंचशीला दीदी ने छात्राओं को मनोबल बढ़ाना, मन को मजबूत बनाना, आत्म विष्वास बढ़ाना आदि जैसे गुणों को विकसित करने की कला को बताया। मुख्य वक्ता के रूप में ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउण्ट आबू के शांति वन में सेवाये प्रदान कर रहे ब्रहाकुमार भगवान भाई ने छात्राओं को जीवन में नैतिक शिक्षा के मुल्यो के महत्व को बताते हुए कहा कि सर्वप्रथम हमे अपनी सोच सकारात्मक करनी होगी। जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि, तनाव मुक्त जीवन एवं संघर्षो से दूर रहने की सीख मिलती है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को साक्षार करना नही बल्कि शिक्षित करना है, जो उसे अंधकार से प्रकाष, असत्य से सत्य एवं अवगुणो से सदगुणो की और ले जाता है।

### तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए प्रति बोरा निर्धारित

**सीहोर।** तेन्दूपत्ता संग्रहण दर बढ़ाकर 4 हजार रूपये प्रति मानक बोरा तय की गई है। इस संबंध में वन विभाग ने आदेश जारी कर दिये है। राज्य सरकार के इस निर्णय से वर्ष 2024 के संग्रहण वर्ष में प्रदेश के करीब 35 लाख तेन्दूपत्ता संग्राहकों को आर्थिक लाभ होगा। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पिछले वर्ष के मुकाबले अब 162 करोड़ रूपये का अतिरिक्त पारिश्रिमिक मिलेगा। तेन्दूपत्ता संग्रहण और व्यापार का कार्य मध्यप्रदेश लघु वनोपज संघ के माध्यम से किया जाता है। राज्य में प्रतिवर्ष करीब 16 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण कार्य किया जाता है। तेन्दूपत्ता संग्रहण के माध्यम से प्रतिवर्ष मई और जून माह में वन क्षेत्र के पास रहने वाले ग्रामीणों को रोजगार की सुविधा मिलती है। मध्यप्रदेश में तेन्दूपत्ता संग्रहण की वर्ष 2017 में पारिश्रिमिक दर 1250 रूपये प्रति मानक बोरा थी। राज्य सरकार ने इस दर में समय-समय पर वृद्धि की। राज्य सरकार की इस निर्णय से अब तेन्दूपत्ता संग्राहकों को बढ़ी हुई दर से 4000 रूपये प्रति मानक बोरा पारिश्रिमिक मिलेगा।

### ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया पार्टी का 139 वां स्थापना दिवस

# कांग्रेस देश से नफरत को मिटाकर मोहब्बत फैलाने का काम कर रही है : बलवान पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर




गुरुवार को अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी का 139 वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर पटेल शोरूम स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष बलवान पटेल ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य अपने गठन के बाद से ही आज भी कायम है और वह समाज को एकजुट करना और नफरत को दूर करना चाहती है। पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि 28 दिसंबर, 1885 को जब कांग्रेस का गठन हुआ था, तब इसकी स्थापना के पीछे का मकसद वही था जो आज है। कांग्रेस का गठन तब हुआ जब अंग्रेज समाज में नफरत फैला रहे थे और लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ करने की कोशिश कर रहे थे। कांग्रेस का उद्देश्य समाज को एकजुट करना और ब्रिटिश शासन के चंगुल से मुक्त कराना था। उन्होंने आगे कहा, आज भी कांग्रेस समाज में फैलाई जा रही नफरत का विरोध करने की कोशिश कर रही है। हम समाज में नफरत खत्म करने और 'मोहब्बत' फैलाने के लिए तैयार हैं। जब देश एकजुट होगा तभी वह समृद्ध होगा। अस्थिरता के बीच कोई भी देश समृद्ध नहीं हो सकता। गुरुवार को नागपुर से शुरू होने वाली 'हैं तैयार हम' रैली के बारे में बोलते हुए कांग्रेस नेता बलवान पटेल ने कहा कि पार्टी रैली में महाराष्ट्र में अपना राजनीतिक आधार मजबूत करना चाहती है।

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में हमारा बहुत बड़ा राजनीतिक आधार है। हम उसे मजबूत करना चाहते हैं। राहुल गांधी का पैदल मार्च भी मणिपुर से महाराष्ट्र तक होगा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को बॉम्बे (मुंबई) में दास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई थी। इसके संस्थापक महासचिव ए.ओ.ह्यूम थे तथा अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी बनाये गये।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता ,सादिक़ मोहम्मद, कृपाल वर्मा, राधेश्याम सेमलिया, बृजेन्द्र तिवारी, जुनैद खान , राजेन्द्र ठाकुर , दिनेश वर्मा, जगदीश परमार आदि उपस्थित रहे।

## नियम विरूद्ध चल रहे वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर शमन शुल्क वसूला गया



**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से वाहन चैकिंग की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान बिना परमिट, बिना फिटनेस, ओवरलोडिंग एवं नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 73 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया गया।

जिला परिवहन अधिकारी रितेश तिवारी ने बताया कि नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों पर की गई कार्यवाही में 8 ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 19 हजार 400 रूपए, बिना परमिट के संचालित 14 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 44 हजार 600 रूपए, अन्य धाराओं में 11 वाहनों पर की गई कार्यवाही में 9500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि नियम विरूद्ध चल रहे वाहनों की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने धर्मेन्द्रसिंह पिता श्री जगन्नाथसिंह जी निवासी भूमि स्वामी ग्राम कुंडियाधागा प.ह.न. 23 तहसील जावर जिला सीहोर में स्थित कृषि भूमि सर्वे न. 488/1, 490/2, 490/4, 489/3, 491/4, 491/2, 491/3, 317/1, 318/1, 319/2, 496/1, 317/2/1, 317/4 कुल किता 04 कुल रकबा 10.52 एकड़ भूमि क्रय करने का इकरार किया है तथा इकरार के पालन में प्रतिफल का आंशिक भुगतान भी कर दिया है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि संव्यवहार पर किसी भी शासकीय संस्था अर्दशासकीय संस्था निगम, वित्तीय निकाय बैंक, या सोसायटी आदि का कोई ऋण भार या बोझ हित अधिकार हो या इस सव्यवहार में दान, रहन, गिरवी, बक्शीस हस्तांतरित आदि हो या भूमि पर किसी का हक स्वत्व हो या किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सप्रमाण इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 10 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होकर पालनीय नही रहेगी। जिसके बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का पंजीयन रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय में करा लिया जावेगा सो सूचित हो।

भवदीय, **स्वप्निल बंड पिता श्री सुधेश बंड, अधिवक्ता**
सोनकच्छ जिला देवास
मो. 8109102498

पोर्टल पर शो होने की बजह से जिले को नहीं मिल पा रहे नए डॉक्टर

# जिले के 8 डॉक्टर्स लापता ! डीएचएस व एनएचएम के पोर्टल पर दिखने वाले डॉक्टर महीनों से अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

जिला अस्पताल में पहले ही डॉक्टर्स के मनमर्जी वाले अटैचमेंट होने के कारण ग्रामीण एवं दूर दराज में स्वास्थ्य सेवाएं निचले स्तर पर हैं। गांव के मरीजों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय का रूख करना पड़ता है, रही सही कसर ऐसे डॉक्टर्स ने पूरी कर दी जिन्होंने जिले में ज्वाइन तो किया परंतु कभी ओपीडी में नहीं पहुंचे न ही मरीजों का इलाज ही किया।

सिविल सर्जन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इन डॉक्टर्स ने गिनती की कुछ एक ड्यूटी कर बिना किसी सूचना के महीनों से लापता हो गए। परंतु यही डॉक्टर्स स्वास्थ्य विभाग के ऑफिशियल पोर्टल डीएचएस एवं एनएचएम पर आज भी राजगढ़ में पदस्थ नजर आते हैं जिसके कारण जिले में नए डॉक्टर्स नहीं आ पा रहे और मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का मुंह ताकना पड़ रहा है और अपनी मेहनत की कमाई को निजी हॉस्पिटल के हवाले करना पड़ रहा है।

### अटैचमेंट को लेकर सीएमएचओ बोलीं

जिले और जिले से बाहर हुए अटैचमेंट पर सीएमएचओ डॉ किरण वाडीवा बोलीं कि इनके बारे में उच्च अधिकारियों को पत्र भेज दिया गया है। उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिससे जल्दी ही अटैचमेंट खत्म कर मूलपदस्थापना पर पहुंचाया जाएगा।

### इनका कहना है

जो डॉक्टर्स पोर्टल पर शो हो रहे हैं उन्हें हटाने के लिए आगामी कार्रवाई जल्दी की जाएगी, जिससे जिले को नए डॉक्टर्स मिल सकें।

**डॉ किरण वाडीवा,** मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी राजगढ़

*डॉक्टर्स अटैचमेंट मामले में सीएमएचओ ने मूलपदस्थापना पर पहुंचाने वरिष्ठ अधिकारियों को लिखा पत्र, विधायक बोले ग्रामीण स्तर पर पहुंचे अटैचमेंट खत्म कर डॉक्टर*


एक दो साल नहीं 16 साल तक अटैचमेंट का एक मात्र उदाहरण है राजगढ़

जिले से बाहर भोपाल तक हो गया अटैचमेंट, चरमराई जिले की स्वास्थ्य सेवाएं

मिशन संचालक कई बार लगा चुके हैं सीएमएचओ को फटकार

समझिए डॉक्टर्स की पदस्थापना और वर्तमान कार्यस्थल

प्रदेश का एक मात्र जिला होगा जहां पर 15 साल से ज्यादा समय तक अटैचमेंट

आखिरकार मूल तैनाती पर कब लौटेंगे डॉ कटारिया, अटैचमेंट में निकाले 15 साल!

प्रयास करूंगी...

कार्रवाई की जाएगी

### डॉक्टर्स जो महीनों से हैं अनुपस्थित

| क्र. | डॉक्टर का नाम | विशेषता | कितने महीनों से हैं अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ गिरराज चकोटिया | रेडियोलॉजिस्ट | 4 माह |
| 2 | डॉ अंकुर देशवाली | सर्जन | 3 माह |
| 3 | डॉ सुनील तिवारी | एमबीबीएस | 4 माह |
| 4 | डॉ विकास सिंह | एमबीबीएस | 5 माह |
| 5 | डॉ निकिता सिंह | गायनिक | 11 माह |
| 6 | डॉ दिव्या गौतम | डेंटल | 7 माह |
| 7 | डॉ अभिषेक तिव्वल | एनेस्थेटिक | 7 माह |
| 8 | डॉ शकील | एमबीबीएस | निलंबित |

### विधायक बोले जल्द मूलपदस्थापना पर लौटें डॉक्टर, दें ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

जिले में अधिकारियों की सेटिंग एवं मनमाने अटैचमेंट करवाने वाले डॉक्टर को लेकर राजगढ़ के विधायक अमरसिंह यादव भी संवेदनशील नजर आए। उन्होनें शहरों में अटैचमेंट करवाकर बैठे डॉक्टरों से अपनी मूलपदस्थापना पर जाकर ग्रारमीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं देने की राय दी है। जिससे मोदी व मोहन सरकार के सपनों को साकार किया जा सके और स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत का निर्माण हो।

कोटरी कला व ब्रहमपिपलिया पहुंची यात्रा

## केंद्र सरकार ने महिलाओं के आंसू पोछने का काम किया है : विधायक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

सरकार द्वारा चलाए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को समीपस्थ ग्राम कोटरी कला एवं ब्रहमपिपलिया पहुंची। जहां क्षेत्र विधायक मोहन शर्मा ने उज्वलता गैस योजना के अंतर्गत निशुल्क 55 गैस कनेक्शन वितरण किए गए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जब चूल्हे जला करते थे उनके दोहे से बहनों की आंखों में आंसू आ जाते थे। उज्वलता गैस योजना चला कर केंद्र सरकार ने बहनों के आंसू पहुंचने का काम किया है। वहीं प्रदेश सरकार ने लाडली बहन योजना चला कर महिलाओं की घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने का काम किया है उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को स्वास्थ्य राजस्व ग्राम पंचायत जनपद पंचायत जल यांत्रिकी विभाग स्वास्थ्य विभाग के उपस्थित अधिकारी व कर्मचारीयो की उपस्थिति में ग्रामीणों की जन समस्या सुनकर तुरंत वहीं पर उन्हें हल किया।

साथी क्षेत्रीय विधायक जल यांत्रिक विभाग की कार्य क्षमता से नाराज दिखाई दिए ।उन्होंने सब निर्देश दिए कि वह अपना काम समय से ठीक करें उक्त मौके पर यात्रा के प्रभारी दिनेश दांगी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राधेश्याम पचवारिया, कैलाश राज मंडल अध्यक्ष राधेश्याम राजपूत ,सत्येंद्र सिंह राठौड़, ब्रजकिशोर मीणा लखन भंडारी आदि उपस्थित थे।

कांग्रेस प्रत्याशी ने वापस लिया फॉर्म

## वार्ड 3 के उपचुनाव में निर्मल जाटव निर्विरोध निर्वाचित



**खुजनेर।** नगर परिषद खुजनेर के वार्ड 3 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी द्वारा अपना फॉर्म वापस लेने के बाद भाजपा के निर्मल जाटव निर्विरोध निर्वाचित हुए। उनकी इस जीत पर विधायक अमरसिंह यादव, नगर परिषद अध्यक्ष कैलाशी यादव सहित कई भाजपा पदाधिकारियों एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी उमेश शर्मा सहित कर्मचारियों ने भी बधाई देते हुए जनहित में कार्य करते रहने की कामना की है। वहीं नवनिर्वाचित पार्षद ने भी सभी को जनता के हित मे कार्य करने का भरोसा दिलाया है।

## खुजनेर खंड का तीन दिवसीय शीत शिविर संपन्न

**15 मंडलों के 31 स्थानों से आए 134 स्वयंसेवक हुए शामिल**

खुजनेर। नगर में खुजनेर खंड का तीन दिवसीय शीत शिविर सम्पन्न हुआ जिसमें 15 मंडलों के 31 स्थानों से आये हुए 134 स्वयंसेवकों ने प्रातः 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक उपस्थित विभिन्न सत्रों में सम्मलित हुए । प्रकट कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजगढ़ विभाग के विभाग संघचालक श्री लक्ष्मीनारायण चैहान उपस्थित रहे । उनके उदबोधन में उन्होने बताया कि किसी भी राष्ट्र का विकास तब होता है जब कि वहां के नागरिकों का विकास हों । हमें राष्ट्र के प्रति राष्ट्र प्रथम का भाव रखकर कार्य करना होगा । उन्होने कहा कि यह पांच बातें हमें अपने जीवन में लानी है 1. कुटुम्ब प्रबोधन , वर्तमान में छोटे छोटे परिवार हो गये है और उनमें भी आपसी मेलजोल कम हो गया है पूरे कुटुम्ब को कम से कम एक माह




में एक बार साथ बैठकर भोजन अवश्य करना चाहियें । दूसरा सामाजिक समरसता, हमारे देश में जन्म से जातिगत व्यवस्था नही थी छूआछूत भी नही था। भगवान श्री राम नें माता शबरी के झूठे बेर खायें तथा निषाद राज को अपना मित्र बनाया। तीसरी बात उन्होने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, यह प्रकृति है तो हम है प्रकृति नही बची तो हमारा भी अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। हमें पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। वृक्ष लगायें, पॉलीथीन का उपयोग न करें। जल बचायें। चैथी बात प्रत्येक नागरिक के मन में स्व का भाव जाग्रत हों हमें अपनी भाषा , भूषा, भोजन, संस्कृति आदि पर गर्व होना चाहियें। पांचवी बात नागरिक शिष्टाचार बताई जिसमें प्रत्येक नागरिक को नागरिक शिष्टाचार का पालन करना चाहियें। सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता रखें, यातायात के नियमों का पालन करें। और शासन की समस्त नियमों का पालन करते हुए शिष्टाचार युक्त जीवन जियें। पहले हमारे देश को दीन हीन दृष्टि से देखा जाता है किन्तु आज सारा विश्व हमारी ओर आशान्वित दृष्टि से देख रहा है कोरोना के काल में हमारे देश में फ्री वैक्सीन लगाई गई साथ ही अन्य देशों में भी भेजी गई। हम सौभाग्यशाली है कि 500 वर्षो के अथक परिश्रम से भव्य श्री राम मंदिर निर्माण हमें देखने को मिलेगा। धारा 370 का हटना भी शायद ही कभी हमने सोचा होगा।

## ग्रापं महाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर हुआ आयोजित

**अशोकनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत महाना में गुरूवार को चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के मुख्या आतिथ्यव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के स्टॉ ल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में ग्राम पंचायत महाना में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायत के समस्त घरों को शत प्रतिशत नल से जल प्रदान करने एवं स्वच्छ पंचायत घोषित होने पर विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच को अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। साथ ही पानी का टेस्ट करने के लिए सभी ग्राम पंचायत में फील्ड टेस्ट किट वितरित की जा रही है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, सचिव को फील्ड टेस्ट टिकट वितरित की गई। जिसका प्रशिक्षण पूर्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया है। जिसके माध्यम से ग्राम के समस्त पेयजल स्त्रोतों का जल परीक्षण ग्राम में ही किया जा सकता है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अनिल रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष भानकुमार यादव, लखन रघुवंशी, अमित रघुवंशी कुढ़ई, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रवि रघुवंशी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से राहुल रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बडी संख्याथ में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### चार पहिया वाहन ने कई दो पहिया वाहनों को टक्कर मारी

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय फुट ओबर ब्रिज पर रात 10:30 से 11 बजे के बीच एक चार पहिया वाहन ने कई वाहनो मे टक्कर मारी जिनमे तीन घायलो को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जिनमे आदित्य पुत्र दिलीप नायक उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड 05 पछाडीखेडा रोड ,संजय पुत्र राजेन्द्र सिह रघुवंषी उम्र 27 वर्ष निवासी तुलसी सरोवर कालोनी, सुदर पुत्र लखन सिंह नायक उम्र 24 वर्ष निवासी तुलसी सरोवर कालोनी । घायलो ने बताया कि वह वाहन से अपने घर की ओर लौट रहे थे। तभी एक तेज रफतार चार पहिया वाहन उनके वाहनो मे टक्कर मार कर चला गया। जिससे उन्हे चोटे आई है। उन्होने बताया कि इस वाहन को अभिषेक बुधौलिया चला रहा था। कितने वाहनो को टक्कर मारी है यह पता नही है।

### महिला की अज्ञात कारणों से मौत

**अशोकनगर।** जिले के राजपुर कस्बा निवासी मछला बाई पत्नि इद्रभान सिह यादव की अज्ञात कारणो से मौत हो गई । पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टकनेरी निवासी रामकली आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी संजू आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालीटोर निवासी रंजीत गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रणवीर ,रामवीर ,नत्थू गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## 'मनुष्य जीवन में अच्छे कर्मों से खुश रहता है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ

एन एस एस के माध्यम से शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में राज्य आनंद संस्थान की तरफ से अल्पविराम कार्यक्रम एकदिवसीय रखा गया इसकी शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई।


इसके बाद एक दूसरे व्यक्ति के परिचय से शुरूआत की गई। जो अनोखी पहल है मेरा आनंद कब बड़ा बढ़ जाता है,मेरा आनंद कब कम क्यों हो जाता है। बचपन से लेकर आजतक निस्वार्थ भाव से आजतक मेरी किस किस ने मदद कि है तक मैंने किस-किस व्यक्तियों की निस्वार्थ भाव से मदद की है, बचपन से लेकर अब तक मैंने किस-किस को दुख पहुंचा है। बचपन से लेकर अभी तक मुझे किस-किस व्यक्ति दुख पहुंचा है । इन सभी के प्रश्न अपने आप से पूंछना, राज्य आनंद संस्थान का मध्य प्रदेश मे एक विभाग भी है संस्था के माध्यम से सरकारी गैर सरकारी लोगों के जीवन में खुशियां लाएं जिससे उनका जीवन अच्छा शांतमय सुखमय कैसे बने कार्यक्रम में




अशोक नगर से आये आंनद सस्थान के मुख्य प्रशिक्षक ने कहा कि जीवन मे कनेक्शन, करक्शन और डायरेक्शन कैसे अपनाये आये. प्रशिक्षक सतीश दुबे ने कहा की जीवन मे ख़ुश कैसे रहे। प्रशिक्षक आनंद रघुवंशी ने कहा की अपने जीवन को अच्छा कैसे बनये और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आंसू रानी मैडम ने आभार व्यक्त किया , डॉ दीपा वर्मा, जयदीप कुमार रैकवार, डॉ विवेक कुमार,एन एस एस कर्यक्रम अधिकारी डॉ जवाहर टैगोर, ने कहा कि अपने जीवन से आलस्य, क्रोध दुख, कपट कैसे दुर करें और कार्यक्रम मे देवाशीष गोस्वामी,रवि केवट,राजकुमार, निखिल रचना आदि समस्त स्टॉफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कन्या हायर सेकंडरी स्कूल की छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा की दी गई जानकारी

**अशोकनगर।** गुरुवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा 11 एवं 12 की व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड वैलनेस की छात्राएं प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में अनंत ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट रातीखेड़ा में औद्योगिक भ्रमण किया। जहां विपिन सेन एवं ए के बजाज ने उन्हें विस्तार से हेल्थ केयर एवं कम्यूनिकेशन स्किल के बारे में विस्तार से समझाया। हेल्थ केयर अंतर्गत आईसीयू हॉस्पिटल मैनेजमेंट डेंगू मलेरिया फंडामेंटल से संबंधित जानकारियां प्राप्त की व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी सीमा रघुवंशी मेम हेल्थ केयर शिक्षक नीरज साहू ब्यूटी एंड वैलनेस शिक्षिका नेहा जोशी एवं आईसीटी प्रभारी नंदिनी शर्मा मौजूद रही विद्यालय परिवार छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।






## अंडर ब्रिज निर्माण का सांसद ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अंडर ब्रिज निर्माण को लेकर जल्द से जल्द काम शुरू करने और चल रहे कार्य को देखने और जानने के लिए सांसद डॉक्टर के पी यादव अंडर ब्रिज स्थल पर पहुंचे। उन्होंने यहां चल रही निर्माण की प्रक्रिया को देखा इस दौरान रेलवे उपयत्री चेतन जैन भी मौजूद थे। इस दौरान उन्हें बताया कि अडरब्रिज निर्माण पूर्ण करने की प्रक्रिया लगातार जारी है। और एप्रोच रोड से जोड़ा जा रहा है। अस्पताल चैराहे के पास जो डिजाइनिंग में अंडर ब्रिज के नीचे का जीना हटाए जाने का मामला है और बिजली का ट्रांसफार्मर हटाया जाना है उसको लेकर अभी राशि नहीं आई है। इसलिए वर्तमान में जो हिस्सा बन चुका है उसे तात्कालिक रूप से रोड से जोड़ा जा रहा है। तथा मिलन तिराहा पर कोई इशू नहीं है। वहां पर अडर ब्रिज निर्माण स्थल को मुख्य एप्रोच रोड जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। इस अंडर ब्रिज निर्माण को समय से पूरा कर लिया जाएगा। हमारी कोशिश होगी लोगों को अडर ब्रिज निर्माण का लाभ मिले। इस दौरान सांसद ने कहा कि अंडर ब्रिज निर्माण की वर्तमान स्थिति मे लोग आ जा सकते हैं जो इशू आ रहे हैं उन्हें अलग से दूर कर लिया जाएगा। तब तक के लिए इसे आम नागरिकों के लिए खोला जाए ताकि लोगों को इसकी सुविधा का लाभ मिल सके।

## पुलिस अधीक्षक ने जिले के थानों का किया औचक निरीक्षण

**अशोकनगर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा जिले के 02 पुलिस थाना शाढोरा एवं नईसरांय का बुधवार की दरम्यानी रात्रि में भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया गया। थानों के भ्रमण के दौरान अति पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर द्वारा थाना प्रभारियों से थानों के गंभीर अपराधो के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने, अपराध निकाल करने के निर्देश दिये साथ ही थानों की व्यवस्थाओं को देखा। हवालात को चैक किया थानों के कैमरे चैक किये गये। थानों पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को थाना क्षेत्र में घटित होने वाली आकस्मिक घटनाओं के घटना स्थल पर त्वरित कार्यवाही कर पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नही करने के निर्देश दिए गए।



### शहर से गायब हुई दो बहनों को कोतवाली पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर दस्तयाब किया

**अशोकनगर।** अशोकनगर निवासी एक व्यक्ति ने थाना कोतवाली पर अपनी और अपने छोटे भाई की दो लड़कियों एक 18 साल की और दूसरी 13 साल के अपहरण की रिपोर्ट थाना कोतवाली पुलिस को लिखवाई थी प्रकरण की गंभीरता देखते के लिए तुरंत कार्रवाई करते हुये थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह त्रिपाठी द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था। टी आई ने थाना कोतवाली की टीम गठित की, पुलिस द्वारा तकनीकी साधनों एवं अन्य संसाधनों का उपयोग करते हुये सायबर सेल एवं शहर में लगे सीसीटीवी कैमरो की मदद से दोनो बालिकाओं की तलाश में तत्परता से पुलिस जुटी हुई थी जिसमें पुलिस को सफता हाथ लगी और थाना कोतवाली पुलिस टीम ने 24 घंटे के अंदर प्रकरण की अपहृत दोनो बालिकाओं को चांचैड़ा रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया गया। जिनकी सभी आवश्यक कार्रवाई की अपहृता को परिजनों के सुपुर्द किया गया। अहम भूमिका में उक्त प्रकरण में तत्परता पूर्ण कार्रवाई करते हुये थाना कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक मंजू मखेनिया, सउनि संजय गुप्ता सायबर सेल प्रभारी, प्र. आर शैलेन्द्र रघुवंशी. प्र.आर. अरूण पाल और आरक्षक योगेन्द्र सिंह की प्रशंसनीय कार्यवाही देखते हुये पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## जैन मंदिर मार्ग पर लगी कचरा पेटियों की हालत जर्जर, जिम्मेदार बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

कालापीपल की नगर परिषद पानखेड़ी में विकास कार्यों के ढिंडोरे के पीछे अव्यवस्थाओं का अंबार देखने को मिल रहा है, कचरे से लगाकर कचरा डालने वाली पेटियों के भी हालात बद से बद्तर नजर आ रहे है, परिषद से जुड़े लोग आए दिन विकास मंचों से अपने कार्यों की दुहाई देते हुए नहीं थकते लेकिन वास्तव में अगर देखा जाए तो इस नगर परिषद में अव्यवस्थाओं की काफी भरमार है, उदाहरण के लिए जैन मार्ग पर लगी कचरा पेटियों को ही देख लीजिए जब कचरा डालने वाले पात्रों के यह हाल है तो नगर परिषद में स्वच्छता कितना मायने रखती होगी इस बात का अनुमान बखूबी लगाया जा सकता है, साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं के नाम पर हजारों रुपए के बिल इधर से उधर ट्रांसफर हो रहे हैं लेकिन शहर में छोटे-मोटे कार्यों में बहुत ही लेट



लतीफी देखने को मिल रही है इससे पहले भी समाचार पत्रों के माध्यम से यह पानखेड़ी खबरों की सुर्खियां बन चुकी है लेकिन अधिकारी कर्मचारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है,पंजा छाप भाजपा सरकार होने के कारण अब परिषद से जुड़े लोग भी अपना मुंह खोल नहीं पा रहे हैं और शायद इसीलिए नगर परिषद सीएमओ की भी ऐसे कार्यों में बोलती बंद हो चुकी है, शहर में कई ऐसे स्थान है जहां काफी अवस्थाएं हैं और जो आज भी अपने वास्तविक भूमिका व स्वरूप में नजर आने के लिए राह तकती हुई नजर आ रही है।

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार का किया स्वागत



**आष्टा।** शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र से चुने गए विधायक व डॉ मोहन यादव मंत्रिमंडल में हाल ही में कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किए गए इंदरसिंह परमार का आज आष्टा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुजालपुर पहुंचकर स्वागत और सम्मान किया। भारतीय जनता पार्टी के नेता सुरेश परमार के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा, जुगलकिशोर मालवीय, सुरेश जैन, राधेश्याम अलेरिया सहित अन्य कार्यकर्ता ने इंद्रसिंह परमार का स्वागत और सम्मान किया तथा उन्हें आष्टा आने का निमंत्रण दिया।

### भगवान भोलेनाथ का किया श्रृंगार



**आष्टा।** नगर के प्राचीनतम पार्वती धाम शंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार अलग-अलग रूपों में नित्य ही किया जाता है।बुधवार का दिन विघ्न विनाशक, रिद्धि -सिद्धि के दाता भगवान गणेश का कहा जाता है ,इसलिए भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार भगवान गणेश के रूप में किया गया। जो आकर्षण का केंद्र रहा तथा काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने शंकर मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन विशेष श्रृंगार के किए। शंकर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने बताया कि भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार देखने एवं दर्शन कर प्रसादी ग्रहण करने के लिए काफी संख्या में भगवान भोलेनाथ के भक्त शंकर मंदिर पहुंचे और भगवान की पूजा -अर्चना की।

### बैठक में नगर विकास के महत्वपूर्ण निर्णय पर लगी सर्वसम्मति से मुहर

# नगरपालिका का बनेगा नवीन भवन, नगर में सीसी सड़क और नालियों का होगा निर्माण

अधोसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण अंतर्गत लगभग 422 लाख की लागत से बनेगा नपा का नया भवन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका की अध्यक्ष परिषद की बैठक नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता में एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना तथा अध्यक्ष परिषद के सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में नगर विकास के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई, जिस पर सभी सदस्यों ने एकमत होकर नगर के सर्वांगिण विकास के लिए अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक में नई पीआईसी सदस्य वार्ड 18 की पार्षद लता तेजपाल मुकाती का नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा सहित सभी सदस्यों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्षीय परिषद की बैठक में नगर विकास के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति व्यक्त की गई, जिसमें वर्तमान नगरपालिका भवन वर्षो पुराना बना होने के कारण जर्जर अवस्था में है इस हेतु मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण अंतर्गत लगभग 422 लाख की लागत से नगरपालिका नवीन कार्यालय भवन एवं भवन के विकास कार्य के साथ पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य एवं नगर में मौजूद क्षतिग्रस्त रोड़ की मरम्मत करने एवं नवीन सीसी रोड़, बीटी रोड़, आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत रूपये 428 लाख से होने वाले कार्यो को भी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया गया। नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने सभी सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी को एकसाथ लेकर नगर विकास व नगर की सफाई व्यवस्था जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हमेशा कृतसंकल्पित होकर कार्य करते रहेंगे। सरकार द्वारा विभागों के सुनिश्चित होने एवं नगरीय निकाय योजनाओं के पोर्टल में आ रही तकनीकी परेशानियों के ठीक होने के बाद विकास कार्यो में और तीव्रता लाई जाएगी। बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, उपाध्यक्ष सिद्दीका भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, तारा कटारिया, रवि शर्मा, लता मुकाती, सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, उपयंत्री आयूषी भावसार, लेखापाल अनिरूद्ध नागर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

# परीक्षा में ड्यूटी करेंगे सीएम राइज स्कूल के शिक्षक

## 8727 परीक्षार्थी देंगे बोर्ड की परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इस बार कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 8727 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।निजी स्कूल की तरह नाम भले ही सीएम राइज स्कूल रखा हो, लेकिन स्कूल की सारी व्यवस्थाएं सरकारी ही रहेंगी। स्कूल के शिक्षक परीक्षाओं में ड्यूटी भी करेंगे और मूल्यांकन का कार्य भी। यही नहीं इन स्कूलों को बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र भी सीएम राइज स्कूल को बनाया जाएगा। परीक्षा की तैयारी को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया।

विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत ने बताया कि सीएम राइज स्कूलों के शिक्षकों को पिछले सत्र में परीक्षा और मूल्यांकन कार्यों से मुक्त रखा गया था। ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो और परिणाम बेहतर रहें। लेकिन इस बार पिछले आदेश को उलट दिया गया है। इस बार शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा और मूल्यांकन कार्य में लगाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही स्कूलों के कैंपस का उपयोग भी परीक्षा कार्य में किया गया जाएगा। सीएम राइज स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाने के आदेश दिए हैं। शिक्षकों का कहना है कि इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

हालांकि यह शिक्षक खुलकर कुछ बोलने को तैयार नहीं है ,लेकिन बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी से जो शिक्षक बचेंगे उनके जरिए कोर्स पूरा कराने और रिवीजन कराने की योजना बनाना शुरू कर दी है। शिक्षा विभाग के अफसरों का कहना है कि सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थी भी परीक्षा देंगे। इसलिए उनकी ड्यूटी भी परीक्षा में लगाई जाएगी। श्री राजपूत ने बताया कि विकास खंड आष्टा में बोर्ड परीक्षा केंद्र 24 बनाए गए हैं।जिसमे कक्षा 10 वीं के शासकीय स्कूल के 3930 छात्र और अशासकीय शाला के 2580 छात्र कुल 6510 एवं 12 वीं शासकीय स्कूल के 3346 छात्र और अशासकीय स्कूल के 2035 छात्र कुल 5381 परीक्षा में शामिल होगे।

## मृत्यु भोज बंद होना चाहिए, लोग बाहर से आने वालों की व्यवस्था करें, भोजन अपने घर पर करें: गिरीश मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आज स्थिति यह है कि मरने वाला कभी भी मरे, लेकिन कार्यक्रम रविवार को रखते हैं। धार्मिक कार्यक्रम भी रविवार को हो रहें हैं। मरने वाले परिवार की कैसी भी स्थिति हो उसे मृत्यु भोज रखना ही पढ़ता है। बाहर से आने वाले के लिए भोजन की व्यवस्था हो, स्थानीय लोगों को अपने -अपने घर पर ही भोजन करना चाहिए। मृत्यु भोज में मिठाई भी 3--5 तरह की बनाते हैं। समाज जनों द्वारा मृत्यु भोज पर टीका-टिप्पणी करते हैं। समाज जनों को ध्यान देना चाहिए, अन्य समाज वालों ने मृत्यु भोज बंद कर रहे हैं।गलत बात का विरोध नहीं तो गलत बात को सही मानेंगे।हंस हो की बगुला तय करें। संसार स्वार्थी है। अपने जीवन में बदलाव लाने की कोई तैयारी नहीं। उक्त बातें नगर के महावीर भवन स्थानक में विराजित गिरीश मुनि जी ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि व्यक्ति राग में डूबा हुआ है, व्यक्ति की आयु लगातार घट रही है। अंत तो पुदगल पर्याय का होता है,यह समझें। मृत्यु भोज नहीं करें, वहां जाकर सहयोग अवश्य करें। कुछ श्रावक श्राविकाओं ने मृत्यु भोज नहीं करने का संकल्प लिया।हेमंत मुनि जी ने कहा कि चिंतन करें, मृत्यु को महोत्सव के रूप में मनाया जाए। जन्म दिन तो सभी मनाते हैं। आकाश में स्वतंत्र उड़ने वाले तोता को पिंजरा में बंद कर देते हैं यह गलत है। संयासी ने कहा इस स्वतंत्र पक्षी को पिंजरा में बंद क्यों किया, व्यक्ति बोला यह स्वयं ही पिंजरा में आया है। पिंजरा खोला तो तोता उड़कर वापस पिंजरा में आ गया। वहीं स्थिति मनुष्य की है। अनेक पर्याय में परिभ्रमण करते हुए मनुष्य भव में आएं हैं। आजाद हो पिंजरा से बाहर निकले। अंधकार व मोह छोड़े। जब तक अज्ञान है भटकते रहोगे।

## अधिवक्ता राजाराम परमार का निधन, गमगीन माहौल में हुई अंत्येष्टि, अभिभाषक संघ ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की



**आष्टा।** लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे स्थानीय अभिभाषक संघ के युवा अधिवक्ता राजाराम परमार का निधन हो गया। अभिभाषक संघ ने अपने कक्ष में शोकसभा आयोजित कर अपने दिवंगत साथी राजाराम परमार को सामूहिक रूप से शोक श्रद्धांजलि अर्पित की ।उनकी अंत्येष्टि उनके गृह ग्राम इस्माइलखेड़ी में बुधवार की दोपहर को हुई। अभिभाषक संघ अध्यक्ष कृपालसिंह ठाकुर ने लोकसभा के दौरान कहा कि आज हमारा साथी राजाराम परमार हम सभी के बीच से चला गया है। यह घटना अत्यंत दुखद है ।वह कुछ अर्से से बीमार थे और उनका इलाज चल रहा था। श्री ठाकुर ने कहा कि दिवंगत राजाराम परमार बहुत ही सहज ,बेबाक और विद्वान अधिवक्ता थे, उनका निधन अपूरणीय क्षति है। शोकसभा में अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर के अलावा कुलदीप शर्मा, तेजसिंह भाटी, विजेंद्र सिंह ठाकुर,आई ए खान, अनिल विलास, महेंद्र भूतिया आदि उपस्थित थे।

### विवाद करने पर दर्ज की एफआइआर

**आष्टा।** विधुत बिलों की वसूली के दौरान आष्टा शहर के कसाई पूरा चोराहा पर जुबेर कुरैशी पिता शब्बीर कुरैशी उर्फ रज्जू कुरैशी व आशिक कुरैशी द्वारा बकाया पर विधुत लाइन काटने के दौरान वाद–विवाद किया। गाली-गलोच की गयी , मोके पर बनाया गया विडिओ भी डीलीट कर दिया गया इसके पश्चात थाना आष्टा में उक्त व्यक्ति के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। बिजली कंपनी द्वारा चुनाव से पूर्व बिल स्थगित कर दिया गया था। चुनाव उपरांत सख्ती से बिजली कंपनी वसूली कर रही है, वही जो हमेशा रेगुलर बिजली बिल का भुगतान नहीं करते है उन्हें शासन माफ कर देती है जबकि नियमित बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ता को कोई फायदा नहीं होता है।

### श्री महालक्ष्मी महिला मंडल की सदस्यों ने गौशाला पहुंचकर गौ माता को खिलाया गो-ग्रास



**आष्टा।** हिंदू सनातन धर्म में गौ माता की सेवा को ईश्वरी सेवा माना गया है। श्री महालक्ष्मी महिला मंडल की सदस्यगण एक कलर की ड्रेस कोड में गौशाला पहुंची गौ माता के बीच मंगल गीत गए। पार्वती धाम गौशाला के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने गौशाला पधारी महिला मंडल की सदस्यों का स्वागत किया । महालक्ष्मी महिला मंडल की सभी सदस्याएं रविवार को गौसेवा के लिये आई थीं उन्होंने गौवंश को हरा चारा उपलब्ध कराया साथ ही ठंड से गायों और बछड़ो को बचाने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया । महिला मंडल ने उनके द्वारा गौशाला के लिए प्रतिमाह दी जाने वाली दानराशि 1 हजार 1 सो रुपये भी उपलब्ध कराई ।गौशाला के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह कोषाध्यक्ष संजय सुराणा उपाध्यक्ष किरण दीदी पत्रकार विशेष सहयोगी विपिन सिंघी सहित पदाधिकारियों ने सभी मात्र मृतशक्तियों का आभार व्यक्त किया।

## विकसित भारत 2047 पर किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विकसित भारत 2047 के संबंध में ग्रीन फील्ड कॉलेज आष्टा में संस्था डायरेक्टर धर्मेन्द्र गौतम ने सुद्दढ. अर्थव्यवस्था के संबंध मे अपने विचार छात्रो के साथ साझा किए। धर्मेन्द्र गौतम ने कहा की देश की स्वतत्रंता के 100 वर्ष यानी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस संकल्प में आर्थिक सामाजिक, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलुओ को इसमे शामिल किया गया है। भारत को 2047 तक लगभग 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ वैश्विक शक्ति बनाना है। यह तभी संभव है जब हम सभी का कार्यबल इसमें शामिल होगा। अर्थव्यवस्था उतनी ही गति से करेगी। हमारे देश की आबादी का 55 से 60 प्रतिशत तक युवा वर्ग है। इसलिए अगर सोचा जाऐ तो हम भारतीय भारत की एक विषालतम अर्थव्यवस्था के संकल्प को पूरा कर सकते है। हमारे देश मे अपार अवसर व संसाधन है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से स्टॉफ के नसीम अली, साजिद मंसूरी, सुरेश कुशवाह, पुरूषोतम शर्मा, अनिल विश्वकर्मा, राजकुमार परमार, सुरेन्द्र मेवाडा, निलेश परमार, सतीष मेवाडा, मोहन बागवान, राकेश बारेला, दिव्या जैन, खुषबू जैन, चेतना जैन, पूजा वर्मा, अन्नपूर्णा, प्रियंका पटवा, पूजा मेवाडा. व सभी छात्र छात्राऐ उपस्थित थे।

## सीएमओ ने आयुष्मान कार्ड से वंचित परिवारों के कार्ड बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने निकाय के समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटरों व आशा कार्यकर्ताओं की सामूहिक बैठक ली, जिसमें आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड तयसमयसीमा में बनाने के निर्देश दिए। ज्ञात रहे कि आयुष्मान कार्ड योजना सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, जिससे निर्धन परिवारों के लोगों को 5 लाख रूपये तक का मुफ्त ईलाज होता है। नपा सीएमओ ने बैठक के दौरान प्रत्येक वार्ड में आशा कार्यकर्ता एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की टीम गठित कर नगर में आयुष्मान कार्ड से वंचित रहे परिवारों के लोगों को योजना का कार्ड अधिक से अधिक संख्या में बनाने की बात कहीं। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद डॉ. सलीम खान, सीएमएम महेन्द्र पोसवाल, सामुदायिक संगठक पार्वती शर्मा, शिवराज अहिरवार सहित कम्प्यूटर ऑपरेटर, आशा कार्यकर्ताएं मौजूद थे।

### ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस

# कांग्रेस के प्रयास से देश को आजादी मिली: ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर



कांग्रेस कार्यालय के पास पार्टी का झण्डा फहराह कर मनाया गया। इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि इन दिनों कांग्रेस के भविष्य को लेकर जो सवाल उठाए जा रहे हैं वे तथ्यपरक कम, पूर्वाग्रह-प्रेरित ज्यादा लगते हैं। विफलता और पराजय से कांग्रेस कभी अनजान नहीं रही है, लेकिन यह सच्चाई है कि जब-जब केन्द्र में गैर कांग्रेसी सरकारें सत्तारूढ़ हुई हैं, देश की अर्थव्यवस्था चरमराई है, जातिवादी, अवसरवादी और फिरकापरस्ती गठजोड़ मजबूत हुआ है। धर्मनिरपेक्षता के नैतिक मूल्यों को चोट पहुंची है और गरीबों, कमजोर वर्गों तथा गरीबों की भलाई के काम नहीं हुए। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस को अपने गौरवपूर्ण अतीत के सिंहावलोकन, वर्तमान में आत्मावलोचन और उज्वल भविष्य के चिंतन की जरूरत है।

आज ऐसी शक्तियां देश पर हावी हैं, जिनका लक्ष्य लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष भारत के बजाए कुछ और है और जो भारत के बहुलतावादी चरित्र को ही खत्म करना चाहती हैं। जबकि भारत विभिन्न धर्मो, संस्कृतियों, भाषाओं और समाजों का ऐसा सुंदर गुलदस्ता है, जिसमें एक साथ कई फूल खिलते हैं, कई रंग दमकते हैं। वही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने लम्बे इतिहास के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। इसमें जय और पराजय दोनों का अनुभव लिए राजनीति की कठिन डगर तय की है। 1977-78 के दौरान कांग्रेस के कई बड़े दिग्गज इंदिरा जी का साथ छोड़कर सत्तारूढ़ जनता पार्टी में शामिल हो गये।

लेकिन कांग्रेस के आम कार्यकर्ताओं का भरोसा इंदिराजी पर ही था। 2 जनवरी 1978 को इतिहास की पुनरावृत्ति हुई और कांग्रेस का पुनः विभाजन हुआ। इंदिरा गांधी ने दूरदर्शी कदम उठाते हुए नई पार्टी (कांग्रेस ई) बनाई और देश की जनता ने कांग्रेस ई को ही वास्तविक कांग्रेस मानकर इंदिरा जी के नेतृत्व में विश्वास प्रकट किया। इंदिरा जी ने कांग्रेस को आम आदमी की आशाओं और आकांक्षाओं से जोड़ कर पार्टी को नई शक्ति प्रदान की। हम सब लोग फिर कांग्रेस को मजबूत करेंगे उपरोक्त अवसर पर एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कैलाश परमार,विधानसभा प्रत्याशी कमल सिंह चौहान, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डु, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, महिला कांग्रेस जिलाअध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर ओकार सिंह खेनियापुरा, लोकेन्द्र बनवट, नरेन्द्र कुशवाह, घनशयम जांगड़ा, सन्नवर खान, पार्षद राजकुमार मालवीय, कमल सेठ,प्यारे पटेल,एजाज खान, पार्षद मेहमूद अंसारी, देवबगस पटवारी, तोसिफ, फेजुद्दीन, बन्ने खा मंसूरी,नवाब बेरी,मसूद किला, हरि मेवाड़ा, शंकर बोड़ाना, चेतन भाटी, अशोक डाबरी, शंकर सक्सेना, विजय सोलंकी, दिलीप मालवीय, सतीश मेवाड़ा, राहुल पाटारिया, फारुख पटेल,नजीम बोस, चेतन बालोदिया, दिलिप मालवीय, बब्बन भाई किला, जाहिर अंसारी, आदी उपास्थित रहे।

### जावर में मनाया स्थापना दिवस



**जावर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139 वा स्थापना दिवस स्थानीय जावर गांधी चौक पर कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना से रिटायर हुए फौजी मंगल सिंह ठाकुर का साफा बांधकर पुष्प मालाओं द्वारा सम्मान किया। ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अथक प्रयास द्वारा भारत देश को आजादी मिली एवं पूर्ण राष्ट्र घोषित हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कमल सिंह पहलवान, राजेंद्र कुमार भरेवा ,नारायण सिंह, मानसिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह सेक्टर अध्यक्ष ,धिरज सिंह पहलवान, धीरज सिंह,धर्मेंद्र सिंह, आबिद हुसैन ,सफीक बाबा ,कृष्ण गोपाल अजमेरा,मनोज कुमार जैन, पवन ठाकुर ,हरपाल ठाकुर ,पप्पू भाई, बहादुर परिहार,अहद सिद्दीकी, योगेंद्र ठाकुर, सरफराज भाई, लालू भाई जावर, अरशद मंसूरी ,सोनू मालवीय एवं शेरुभरेवा , शैलेंद्र सिंह ठाकुर बावड़ी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नेमिनाथ मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के साईं कॉलोनी नेमिनगर में नव निर्मित नेमिनाथ जिन मंदिर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ समाज जनों द्वारा ब्रह्मचारी श्रीपाल भैय्या जी के सानिध्य में बड़े ही धूम धाम से मनाई गई।इस पावन उपलक्ष्य में नेमिनाथ जिन मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा भगवान की प्रतिमा को रजत पालकी में विराजित कर निकाली गई। लाभार्थी परिवार की महिलाएं अपने मस्तिष्क पर मंदिर में स्थाई रूप से विराजित की जाने वाली जिनवाणी को लेकर चल रही थी एवं मूलनायक नेमिनाथ भगवान के वार्षिकी महामस्तकाभिषेक लाभार्थी श्रावकों द्वारा किए गए। जिसमें श्रावक जनों ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया। जैन एवं नवीन कुमार जैन शिवालय हॉस्पिटल रहे। मूलनायक वेदी के आसपास नवीन वेदिका में चारों अनुयोगों के प्राचीन ग्रंथों को विराजमान कर माँ जिनवाणी की स्थापना करने का सौभाग्य नरेंद्र- श्रद्धा गंगवाल,मनीष रानी बड़जात्या, सुरेंद्र पीयूष जैन अलीपुर, श्रीपाल हेमन्त जैन नमक,पारस जैन,संजय जैन किला, रमेश अक्षय जैन आदिनाथ ,अनिल सुनील प्रदीप जैन प्रगति को प्राप्त हुआ। शिखर पर मंगल का प्रतीक केसरिया एवं पचरंगी ध्वज स्थापित करने का सौभाग्य जीतमल छीतरमल जैन सात्विक एवं राजेन्द्र कुमार नयन, अंकित जैन वर्धमान को प्राप्त हुआ।

मंदिर के द्वितीय तल पर आदिनाथ भगवान की वेदी में पंचमेरु एवं अष्टमंगल स्थापित किये गए ,जिसका सौभाग्य दिलीप अनुज लक्ष्यपति एवं जीतमल जैन मनोज कुमार जैन सुपर को प्राप्त हुआ।इस अवसर पर ब्रम्हचारी श्रीपाल भैय्या जी ने अपने उदभोदन मे बताया कि जिनवाणी माँ हमे जन्म जरा म्रत्यु रूपी भव -भव के चक्कर से छुड़ाने में सहायक है । हमे प्रतिदिन ग्रन्थों का स्वाध्याय करना चाहिए। मुनिराजों का हम पर बहुत उपकार है, जो यह जिनवाणी हमें लिपिबद्ध कर के शास्त्र सौंप कर गए है।ग्रंथो के स्वाध्याय से ही जीवन मे शांति आती है, यही हमारे जीवन का सार है।

आज के इस महोत्सव को मानना तभी सार्थक माना जायेगा जब हम जीवन मे प्रतिदिन स्वाध्याय करने का संकल्प लेकर यहां से जाएंगे। नेमिनाथ मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर भगवान नेमिनाथ जी की प्रतिमा अष्टधातु की रजत पालकी में विराजित कर नगर के प्रमुख मार्गो नेमिनाथ जिनालय से कन्नौद रोड ,टॉकीज चौराहा होते हुए वापस नेमिनगर नेमिनाथ मंदिर पर पहुंची। सैकड़ों की संख्या में श्रावक -श्राविकाएं इस पावन अवसर पर उपस्थित रहे।अंत मे नेमिनाथ जिन मन्दिर सेवा संघ ने प्रभावना वितरित कर सभी समाज जनों का आभार व्यक्त किया।